स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत गया और नालंदा का, विकास के लिए चयन किया गया है: जी. किशन रेड्डी

By **Samagra Bharat** Last updated **Dec 20, 2022**

समग्र समाचार सेवा
नई दिल्ली, 20दिसंबर। पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में जवाब देते हुए बताया कि
मंत्रालय ने अब अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में नया स्वरूप दिया है, जिसका उद्देश्य पर्यटक और गंतव्य स्थल केंद्रित दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करना है।

मंत्रालय की 'प्रसाद' योजना के तहत, बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम पर्यटन स्थल को विकास के

सहायता प्रदान करता है। योजनाओं के तहत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान, राज्य सरकारों/ केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों के परामर्श से की जाती है और धन की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुति, योजना के दिशानिर्देशों का पालन और पहले जारी की गई धनराशि के उपयोग आदि को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं को मजूरी दी जाती है।

मंत्री ने बताया कि मंत्रालय ने अब अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में नया स्वरूप दिया है, जिसका उद्देश्य पर्यटक और गंतव्य स्थल केंद्रित दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करना है। एसडी 2.0 के तहत गया और नालंदा को विकास के लिए चुना गया है, जबकि मंत्रालय की 'प्रसाद' योजना के तहत बिहार के सीतामढ़ी जिले में पुनौरा धाम को विकास के लिए चिन्हित किया गया है।

कृपया इस पोस्ट को साझा करें!

0

जी. किशन रेड्डी | G. Kishan Reddy | चयन | Selection | Gaya | गया | स्वदेश दर्शन 2.0 | Swadesh Darshan 2.0

Samagra Bharat

© 2022 - Samagra Bharat News website. All Rights Reserved.
Samagra Communications Pvt Ltd, New Delhi, India